आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–19 मई 2024 सान्ध्य समाचार

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण की प्रदेश की चौदह सीटों के लिए कल मतदान होगा । आज इन संसदीय क्षेत्रों में पोलिंग पार्टी पहुंच रही हैं। इस चरण की सभी सीटों पर कल शाम पांच बजे चुनाव प्रचार समाप्त हो गया । और विवरण हमारे संवाददाता से–

पांचवे चरण के मतदान की चौदह सीटें उत्तर प्रदेश के अवध और बुन्देलखंड इलाके में फैली हुई हैं. इनमें रायबरेली, अमेठी,लखनऊ,मोहनलालगंज,हमीरपुर,जालौन,झांसी,बांदा,फतेहपुर,कौशांबी,फैजाबाद,बाराबंकी,कैसरगंज और गोंडा शामल हैं। पिछले चुनाव में भाजपा ने इन चौदह में से तेरह सीटें जीती थीं. पार्टी जो एकमात्र सीट हारी वह रायबरेली थी, जिसे पूर्व कांग्रेस प्रमुख सोनिया गांधी ने जीता था। इन 14 सीटों पर इस बार कई दिग्गज मैदान में हैं. रक्षा मंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता राजनाथ सिंह तीसरी बार भाजपा उम्मीदवार के रूप में लखनऊ संसदीय सीट से चुनाव लड़ रहे हैं। राजनाथ सिंह का मुकाबला समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा और बहुजन समाज पार्टी उम्मीदवार सरवर मलिक से है. एक अन्य केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी अमेठी में कांग्रेस के केएल शर्मा के खिलाफ चुनाव लड़ रही हैं। राहुल गांधी रायबरेली से बीजेपी के दिनेश प्रताप सिंह के खिलाफ चुनाव मैदान में लड़ रहे हैं. केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर मोहनलालगंज सीट से तीसरी बार चुनाव लड़ रहे हैं। अयोध्या मंदिर के लिए मशहूर फैजाबाद लोकसभा सीट पर बीजेपी के लल्लू सिंह और समाजवादी पार्टी के अवधेश प्रसाद के बीच मुकाबला है. दूसरी अहम सीट कैसरगंज है जहां से बीजेपी के वरिष्ठ नेता ब्रजभूषण शरण सिंह के बेटे करण भूषण सिंह चुनाव लड़ रहे हैं. सुशील चंद्र तिवारी आकाशवाणी समाचार लखनऊ ।

स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए सभी मतदान केंद्रों पर भारी संख्या में पुलिस, पीएसी और पैरा मिलिट्री के जवानों को तैनात किया गया है।

****

लोकसभा चुनाव के छठें और अंतिम चरण में सभी राजनीतिक दलों के प्रमुख नेताओं और स्टार प्रचारकों ने अलग अलग स्थानों पर चुनावी जनसभाओं को सम्बोधित किया। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जौनपुर जिले के मडियाहू रामलीला मैदान में चुनावी जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि जम्मू कश्मीर से धारा 370 हटाना भाजपा की प्राथमिकता थी । आने वाले समय में भाजपा सरकार जम्मू कश्मीर का हिस्सा पाक अधिकृत कश्मीर लेकर रहेगी। वहीं, जिले के शाहगंज में भाजपा के वरिष्ठ नेता और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी जनसभा को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बनी तो जौनपुर में विकास की गंगा बहेगी। आजमगढ़ लोकसभा क्षेत्र के मेंहनगर और लालगंज लोकसभा क्षेत्र के फूलपुर की चुनावी जनसभाओं के दौरान श्री योगी ने कहा कि अगर तीसरी बार भाजपा की सरकार बनी तो सत्तर वर्ष से अधिक उम्र के लोगों का मुफ्त इलाज होगा।

भाजपा नेता और उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने संतकबीरनगर लोकसभा क्षेत्र के खजनी विधानसभा में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया। प्रयागराज और फूलपुर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सपा मुखिया अखिलेश यादव ने चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार किसानों को कानूनी न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी देगी। किसानों का कर्ज भी माफ किया जाएगा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार आने पर अग्निवीर योजना को खत्म कर दिया जाएगा और सेना में पुरानी भर्ती प्रक्रिया शुरू की जाएगी। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने इस मौके पर कहा कि इंडिया गठबंधन पक्की नौकरी दिलाएगा। उन्होंने दावा किया कि बेरोजगारों के खाते में वह लोग हर साल एक लाख रुपये देने जा रहे हैं।

मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने महराजगंज में इंडिया गठनबंधन के प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव प्रचार किया। उन्होंने पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि जनता कांग्रेस के घोषणापत्र पर यकीन कर रही है और इंडिया गठबंधन की सरकार बनने जा रही है।

उधर, बसपा सुप्रीमों मायावती ने मऊ जिले के मोहम्मदाबाद गोहना में घोसी लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी के पक्ष में चुनावी जनसभा को सम्बोधित किया । उन्होंने कहा कि बहुजन समाज पार्टी अकेले अपने बलबूते पर चुनाव लड़ रही है । पार्टी ने टिकट बंटवारे में सर्वसमाज के लोगों को उचित भागीदारी दी है।

****

कोविड टीकाकरण की तर्ज पर नियमित टीकाकरण के लिए भी लाभार्थी अब सीधे ऑनलाइन स्लॉट बुकिंग करा सकेंगे। यह जानकारी गोरखपुर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे ने दी। उन्होंने बताया कि यूविन पोर्टल के जरिये टीकाकरण के लिए स्लॉट बुक करवाने के साथ साथ अभिभावक अपनी और अपने बच्चों की आभा आईडी भी खुद बना सकते हैं।

****

प्रदेश में हुई दो अलग अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गयी, जबकि सात लोग घायल हो गये। अयोध्या जनपद के रौनाही थानाक्षेत्र स्थित सोहावल के पास राष्ट्रीय राजमार्ग सत्ताइस पर जयपुर से गोरखपुर जा रही वोल्वो बस और ट्रक की टक्कर में दो यात्रियों की मौत हो गयी, जबकि सात यात्री घायल हो गये। घायलों का मेडिकल कॉलेज में इलाज चल रहा है। उधर, सीतापुर जिले में तंबौर रेउसा मार्ग पर एक बाइक सवार मामा और उनकी दो भांजी को तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दिया । हादसे में तीनों लोगों की मौत हो गयी।

****